तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 7 अगस्त 2024



12 विद्यार्थियों को दी गई नई शिक्षा नीति की जानकारी





10 कांवर यात्रा के लिए रवाना हुए ग्राम बोड़रा के श्रद्धालु







2011 से संचालित

शंकराचार्य

स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई

B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING

प्रवेश के लिए संपर्क करें

मो.: 83193 47482 81030 45003 98062 87706

Website : ssscn.ac.in

छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन

cgiti.cgstate.gov.in

बी.एम. आई.टी.आई.

- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314 9303893829, 9300850065

अंतिम तिथि-11/08/24


# इस बार धान, चावल, मौली धागा और गोबर से बनी राखियों से सजेगी भाइयों की कलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



आगामी 19 अगस्त को भाई बहन के पवित्र रिश्ते का त्यौहार रक्षाबंधन है। रक्षाबंधन पर्व को लेकर जिला मुख्यालय में राखी की दुकानें सजने लगी हैं। जहां कई अलग-अलग वैरायटी की राखियां 10 रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक की राखी उपलब्ध है।

जिले के महिला स्व सहायता समूह द्वारा भी हस्तनिर्मित राखियां बनाई जा रही हैं। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाई आकर्षक राखियां जिले के विभिन्न बाजारों में बिकते हुए नजर आएगी। देशी राखियां जिले के डौंडी विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुमुड़कट्टा गांव के जय माँ पहाडों वाली समूह की महिलाओं द्वारा अपने हाथों से तैयार की जा रही है जो बहुत जल्द मार्केट में नजर आने वाले हैं।

आपको बता दें कि भाई बहन के बीच प्रेम और स्नेह का पर्व रक्षाबंधन को अब महज 12 दिन शेष रह गया है। ऐसे में जिले के स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बीते वर्षों की तरह इस बार भी विभिन्न प्रकार के देशी वेरायटी में राखी तैयार करने में जुट गए हैं। राखियां सभी विकासखंडों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाया जा रहा है।

ग्राम कुमुड़कट्टा के जय माँ पहाड़ों वाली समूह की महिला कुसुम सिन्हा ने बताया कि गर्मी के मौसम से ही राखी बनाना ▶▶| शेष पेज 11 पर

## स्व सहायता समूह की महिलाएं कर रही हैं राखियों का निर्माण

### इस साल 1 लाख 53 हजार की राखियों की हुई बिक्री

डौंडी विकासखंड के कुमुड़कट्टा निवासी कुसुम सिन्हा ने बताया कि इस साल अब तक 1 लाख 53 हजार रुपए की राखी की बिक्री कर चुके हैं। जबकि अभी लगातार राखी बनाने का ऑर्डर मिल रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि आगामी 12 दिनों के भीतर यानि कि 19 अगस्त रक्षाबंधन पर्व के दिन तक यह आंकड़ा 2 लाख रुपए तक पहुंच जाएगा।



### विशेष आकर्षण के रूप में ये राखियां तैयार

समूह की महिला कुसुम सिन्हा ने बताया कि कई अलग-अलग प्रकार की राखियां तैयार की जा रही है। उनमें से चावल, धान, बीज, मौलीधागा, रेशम धागा, मोरपंख, फैंसी मोती, बांस सहित गोबर की भी राखी तैयार कर रहे हैं। समूह द्वारा हर साल इसी तरह विभिन्न वैरायटी में राखी तैयार कर लाखों रुपए की आय अर्जित कर अपना और अपने परिवार का आर्थिक स्थिति मजबूत बना रही हैं।

कार्रवाई : अंचल में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं में शामिल होने का है आरोप

# चार चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, नकदी सहित 29 लाख से ज्यादा के सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/गुण्डरदेही

अंचल में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से तंग आ चुके आम नागरिकों और व्यापारियों के लिए थोड़ी राहत की खबर है। पुलिस ने चार आरोपियों को



गिरफ्तार कर 29 लाख से अधिक के चोरी के सामान और नकदी रकम बरामद किया है। मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने जिले के गुण्डरदेही थाना क्षेत्र में हुए चोरी के मामलों को लेकर बड़ा खुलासा किया। उन्होंने 29 लाख 25 हजार रुपए से अधिक के कीमती सामान व नकदी रकम बरामद कर चार आदतन चोरों को पकड़ने की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गुण्डरदेही थाना क्षेत्र में सोनी ज्वेलर्स, हिरवानी मोबाइल व मेडिकल स्टोर तथा बालोद थाना क्षेत्र में संतोषी बीज भंडार में भी चोरी की घटना हुई थी। जिस पर थाना व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने कड़ी मशक्कत कर बालोद से लेकर राजधानी रायपुर तक सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए रायपुर निवासी कन्हैया लाल साहू 38 वर्ष को गिरफ्तार किया। वहीं, उसके घर में रखे चोरी के करीब 29 लाख के जेवरात को भी पुलिस ने जब्त किया है।



### 25 हजार नकद सहित कई कीमती सामान जब्त

पकड़े गए तीनों चोरों के कब्जे से माता लक्ष्मी की चांदी की मूर्ति, गिलास, कटोरी, सिंदूर डिब्बा, सिक्का 2 नग, होम थियेटर, स्पीकर, लैपटॉप, पीतल का गहरा, लोटा, थाली सहित करीब 25 हजार रुपए नकद जब्त किया गया है। दोनों मामले में पकड़े गए चारों आदतन चोरों को जेल भेजा गया है।

### चोरी करने वाले तीन आदतन चोर भी गिरफ्तार

पुलिस ने गुण्डरदेही में रविन्द्र त्रिपाठी के घर हुए चोरी के मामले में तीन आदतन चोरों को पकड़ा है। तीनों चोर सूने मकानों को निशाना बनाकर चोरी की घटना को अंजाम देते थे। गुण्डरदेही में हुए चोरी के बाद तीनों चोरों को पकड़ लिया है। तीनों चोर कोमेश्वर उर्फ कोमु निषाद पिता लीलाधर निषाद वार्ड 13 गुण्डरदेही, सोहेल खान पिता शब्बीर मोहम्मद 19 वर्ष ग्राम चिचबोड़ थाना बालोद और राकेश ठाकुर पिता चन्द्रपभान ठाकुर 19 वर्ष ग्राम चिचबोड़ थाना बालोद को गिरफ्तार किया गया है।

### 6 बार चोरी के केस में जेल जा चुका है आरोपी 4 मामलों में थी तलाश

पुलिस के अनुसार 29 लाख रुपए के जेवरात की चोरी के आरोपी कन्हैया लाल साहू पूर्व में भी बालोद, महासमुंद, रायपुर, कोंडागांव व जगदलपुर जैसे बड़े जिलों में 6 बार चोरी के मामले में जेल जा चुका है। वहीं, वर्तमान में चार अलग-अलग थानों में दर्ज चोरी के मामलों में उसकी तलाश की जा रही थी। इन में बालोद जिले के तीन व राजनांदगांव जिले के एक थाने में चोरी के मामले दर्ज थे। आखिर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पा ही ली। इसके साथ ही जहां नागरिकों को कुछ राहत मिली है, वहीं पुलिस ने भी राहत की सांस ली, क्योंकि आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं के कारण पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे थे।

# किसान अब 16 तारीख तक करवा सकते हैं फसल बीमा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कृषि कार्यों में आई तेजी के बीच शासन ने बढ़ाई अंतिम तिथि

जिले में धान की फसल के साथ ही अन्य मौसमी फसलों का बीमा कृषि विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके कारण किसानों का फसल बीमा करवाने की तारीख अब आगामी 16 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। इसके कारण किसानों को फसल बीमा कराने के लिए एक बार फिर मौका मिला है।

किसानों द्वारा वर्तमान में धान के साथ ही मौसमी फसलों के तहत कोदो, रागी, मूंग, उड़द बोवाई की गई है, जिनका बीमा किया जा रहा है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में जिले के 57458 किसानों की कुल 1 लाख 20 हजार हेक्टेयर जमीन का बीमा किया जा चुका है। वहीं, जिले में किसानों द्वारा खरीफ फसल के लिए ऋण लेने का दौर भी जारी है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक कुल 107375 किसानों ने कुल 40074.46 लाख रूपये का ऋण जिला सहकारी बैंक के माध्यम से लिया है। इन दिनों कृषि कार्यों में तेजी का दौर जारी है। वहीं, किसान कृषि ऋण लेने के साथ ही बीमा कराने के लिए की कोशिश में लगे हैं। इसके चलते किसानों का संबंधित सोसायटी केन्द्रों के माध्यम से फसल बीमा किया जा रहा है। इसके लिए सोसायटी केन्द्रों के माध्यम से किसानों से बी 1, बी 2, आधार कार्ड, बैंक पासबुक माँगा जा रहा है, वहीं यह अवधि 31 जुलाई से बढ़कर 16 अगस्त कर दी गई है। ऐसे में जो किसान सोसायटी केन्द्रों के माध्यम से बीमा नहीं करा पाए हैं, वे ऑनलाइन सेंटर के माध्यम से भी फसल बीमा करा सकते हैं। वहीं, कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सिंचित क्षेत्र के लिए किसानों को प्रति हेक्टेयर 1200 रूपये फसल बीमा की राशि देनी होगी। वहीं, असिंचित क्षेत्र के लिए प्रति हेक्टेयर 900 रूपये की दर से राशि फसल बीमा के लिए देनी होगी। हितेकसा सोसायटी के प्रभारी प्रबंधक कमल ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### जिला मनरेगा मेट संघ की बैठक कल

**बालोद।** जिला मनरेगा मेट संघ बालोद की बैठक 8 अगस्त सुबह 11 बजे सरयू प्रसाद स्टेडियम बालोद में आयोजित की गई है। बैठक में संघ को गति प्रदान करने के संबंध में विचार किया जाएगा। अनुभवी मेट साथियों द्वारा अपना अनुभव बताया जायेगा। अभी विगत दिनों मनरेगा द्वारा संचालित कार्य का मजदूरी भुगतान लंबित हैं तथा मेंट साथियों का मेट वाउचर का भी भुगतान लंबित है। जिसके संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन भी प्रस्तुत किया जाएगा। प्रीतम साहू सचिव जिला मनरेगा मेट संघ बालोद द्वारा दी गई।

### ग्राम नाहंदा में जनसमस्या निवारण शिविर 12 को

**बालोद।** डौण्डीलोहरा विकासखण्ड के ग्राम नाहंदा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन सोमवार 12 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से शाम 05 बजे तक किया जाएगा। पूर्व में इसकी तिथि शनिवार 10 अगस्त को निर्धारित की गई थी। जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित कर सोमवार 12 अगस्त को कर दी गई है।

### गुरूर के शिवं चौक पर लगा जनसमस्या निवारण शिविर

**गुरूर।** नगर पंचायत गुरूर अंतर्गत शिव चौक कलामंच में रविवार को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अध्यक्ष महिमा साहू, पार्षद अनुसुईया ध्रुव, चन्द्रलता साहू, पार्षद अनुसुईया ध्रुव, पार्षद जितेश्वरी निशाद एवं स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग उपस्थित थे। नगरीय निकाय की ओर से मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपने शाखा कर्मचारियों के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित थे। नगरीय निकायों के साथ शिविर स्थल पर प्रार्ची ठाकुर, अनुविभागीय अधिकारी गुरूर के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 3 हितग्राहियों का भुगतान का निराकरण किया गया।

### मारपीट करने वाले बेटे के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** पूर्व एएसआई ने अपने बेटे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया है। शिकायत पर बेटे के खिलाफ पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भट्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-1 सड़क 5 निवासी विनोद कुमार मिश्रा सीआईएसएफ में सहायक उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत कर्मी है। बेटा विनित कुमार रोज रुपए का डिमांड करता है। रुपए नहीं देने पर विनोद मिश्रा के साथ मारपीट करता है। रविवार को भी विनित ने अपने पिता से 10 हजार रुपए की मांगा।

# आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक शाला भवन जर्जर







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के डौंडीलोहारा विकासखंड के ग्राम पंचायत तुमड़ीकसा के आश्रित ग्राम करियाटोला में आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक शाला भवन दोनों ही जर्जर हो चुके हैं। दोनों भवनों की जर्जर हालत को देखकर अब ग्रामीण भी अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूल भेजने से घबरा रहे हैं। यही वजह है कि आंगनबाड़ी केंद्र व प्राथमिक शाला स्कूल के बच्चों को गांव के कलामंच में बैठकर पढ़ाई करवाई जा रही है। ग्रामीणों ने जर्जर भवन के स्थान पर नया भवन बनाने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर जर्जर भवन की जगह नया बनाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर बीते तीन सालों से प्रशासन को लगातार आवेदन सौंप रहे हैं, लेकिन अब तक समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर स्कूल की मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी और ठेकेदार पहुंचे थे। ठेकेदार ने स्कूल की जर्जर हालत को देखकर उसे रिपेयरिंग करने की बात कहकर चले गए। उसके बाद से अब तक कोई नहीं आया और स्कूल की हालत जस की तस है।

# हाई स्कूल खपरी में असामाजिक तत्वों ने मचा रखा है आतंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़

- आए दिन की जा रही हरकतों के कारण शिक्षक व विद्यार्थी परेशान

बालोद ब्लॉक अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल खपरी (लाटाबोड़) में जुलाई महीने की अंतिम सप्ताह में असामाजिक तत्वों द्वारा चारदीवारी फांद कर तोड़फोड़ करना तथा विद्यालय की संपत्ति को क्षतिग्रस्त करना आम बात हो गई है।

इतना ही नहीं, विद्यालय परिसर में लगाए गए दर्जनों पेड़ को भी क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे पौधे नष्ट हो गए हैं, जिसे शिक्षकों ने पुनः लगाया। वहीं, चारदीवारी को भी ध्वस्त कर दिया गया है। साथ ही पानी टंकी की पाइप तोड़ना, शौचालय में गन्दगी, शराब पीकर खाली शीशी फेकना, विद्यालय परिसर में लगे कैमरे को तोड़ना, डीटीएच की छतरी तोड़ कर ले जाना जैसे कई तरह की तोड़फोड़ की जा रही है। बताया जा रहा है कि जब से स्कूल खुली है, तब से लेकर आज तक नल की टोटी तीन बार तोड़ चुके हैं। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य यादराम ठाकुर ने बताया कि यह कोई एक दिन की बात नहीं, बल्कि यह रोज की बात हो गई है। असामाजिक तत्वों की इन हरकतों से शिक्षक डरे हुए हैं।



इस संबंध में हमने स्थानीय पुलिस थाना में लिखित शिकायत की है। उन्होंने बताया कि असामाजिक तत्व विद्यालय परिसर में घुसकर जहां-तहां शौच भी कर देते हैं। इसके कारण विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को गंदगी व बदबू के साथ परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने पुलिस से तत्काल असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि विद्या के मंदिर में इस तरह की हरकत न हो।

ग्राम मोहंदीपाट के सरपंच ने कलेक्टर से की भेंट, नए भवन की मांग की

# स्कूल भवन जर्जर, बच्चों के साथ कभी भी हो सकती है अनहोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के अर्जुंदा ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम मोहंदीपाट स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय जर्जर हो चुका है। जर्जर भवन को तोड़कर नवीन भवन बनाए जाने की मांग को लेकर सरपंच ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है।

ग्राम मोहंदीपाट में एक शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भवन है, जिसका निर्माण वर्ष लगभग 1983-84 में किया गया था। लेकिन अब यह भवन पूरी तरह जर्जर हो गया है। हालांकि कुछ वर्ष पहले प्रशासन द्वारा जीर्णोद्धार कार्य के तहत मरम्मत कराई गई थी। लेकिन अब वह भवन फिर जर्जर हो गया है। इसके कारण छत से पानी टपकने लगा है। छत से पानी टपकने के साथ ही इसके मलबे के कभी भी गिरने का खतरा बना हुआ है, जिसके कारण बच्चों का स्कूल में बैठकर पढ़ाई कर पाना संभव नहीं है। इसलिए स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को वैकल्पिक व्यवस्था कर स्वामी आत्मानंद के अलग स्कूल भवन में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है।



### खाना खा रहे बच्चों के पास गिरा प्लास्टर

सरपंच मोहंदीपाट सुशीला देवांगन ने बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का स्कूल भवन जर्जर हो गया है। उसकी छत से पानी टपक रहा है। वहीं, कुछ दिनों पहले ही खाना खाने बैठे बच्चों के पास ही छत का प्लास्टर उखड़कर गिर गया था। गनीमत रही कि खाना खा रहे बच्चों पर प्लास्टर नहीं गिरा और वे सकुशल हैं। जिस तरह से भवन की स्थिति जर्जर है, उससे कभी भी बड़ी अनहोनी की आशंका बनी हुई है। इसलिए बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर वैकल्पिक व्यवस्था कर अलग स्कूल में बैठाने का प्रबंध किया गया है। इसके साथ ही प्रशासन से मांग की गई है कि पुराने स्कूल भवन को तोड़कर उसके स्थान पर नवीन भवन बनाया जाए।

### डॉक्टर से पॉलिसी के नाम पर 14 लाख की ठगी

**भिलाई।** पलिसी के नाम पर डॉक्टर से ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 10 निवासी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विकास वर्मा का पॉवर हाउस नंदिनी रोड में क्लीनिक है। मैक्स लाइफ इंस्योरेंस के एजेंट रवि झा ने पालिसी के नाम पर कुल 14 लाख 60 हजार 647.50 रुपए की ठगी की है। शिकायत में बताया गया है कि 2023 में रवि झा से बात हुई थी। उसने स्वयं को पुणे महाराष्ट्र का निवासी और मैक्स लाइफ इंश्योरेंस का एजेंट होना बताया था। पुराने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस की पलिसी पैसे दिलाने का दावा कर विभिन्न बीमा पॉलिसी में करने कहा।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


## खबर संक्षेप

### रामजी ने कहा- कांग्रेसियों की राजनीतिक दुकान सनातन विरोधी



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने कांवर यात्रियों पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा किए जाने पर कांग्रेसियों की टिप्पणी को सनातन विरोधी प्रलाप बताकर तीखा हमला बोला है। श्री भारती ने कहा, दरअसल कांग्रेसियों की राजनीतिक दुकान सनातन विरोध और हिन्दुत्व के प्रति घृणा से सजी पड़ी है और रह-रहकर अपनी इन दुकानों में बैठकर सनातन संस्कृति के खिलाफ विष-वमन करते रहना कांग्रेसियों की लत में शुमार हो गया है। श्री भारती ने कहा, भूपेश सरकार के राज में इलाज के अभाव में प्रदेश के 39 हजार बच्चों की मौत से कलंकित कांग्रेस आज डायरिया के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाकर ओछी राजनीति कर रही है, जबकि प्रदेश की भाजपा सरकार इस बीमारी के प्रसार पर अंकुश लगाने के तमाम उपायों पर पूरी संजीदगी और संवेदनशीलता के साथ काम कर रही है।

### रीबा को अदाणी फाउंडेशन ने किया सम्मानित



**रायपुर।** राजधानी निवासी रीबा बेनी को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का मान बढ़ाने के लिए अदाणी फाउंडेशन ने प्रोत्साहित किया और खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक खेल सामग्री हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की है। विगत दिनों क्राइस्ट चर्च न्यूजीलैंड में 2024 कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप के एपी इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रीबा ने टीम इवेंट में हिस्सा लिया था। इसमें उसने एपी के व्यक्तिगत इवेंट में सिल्वर मेडल जीता। अदाणी समूह के कॉर्पोरेट अफेयर प्रमुख डॉ. प्रतीक पांडे ने शनिवार को रीबा बेनी और उनके परिवार से मिलकर उनके प्रयासों को सराहा और एक लाख एक हजार का चेक देकर सम्मानित किया। रीबा और उनके माता-पिता ने अदाणी फाउंडेशन का आभार जताया है।

### स्वर्वेद कथा में शामिल होने के लिए सीएम का जताया आभार

**रायपुर।** पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विहंगम योग संत-समाज द्वारा आयोजित स्वर्वेद कथा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संस्थान के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मानेश्वर नाग ने आभार जताया है। इस मौके पर श्री नाग ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विहंगम योग संत समाज द्वारा स्थापना के शताब्दी समारोह के पावन अवसर के निमित्त कन्याकुमारी से कश्मीर तक की राष्ट्रव्यापी संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर में जय स्वर्वेद कथा आयोजित की गई थी, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति के लिए हम उनका आभार जताया है।

### ठेलों के पास साफ-सफाई पर दें विशेष ध्यान

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को निगम मुख्यालय दफ्तर में फेरी वालों को बातचीत के लिए बुलाया। बैठक के दौरान उन्होंने फेरी वालों से कहा कि ठेले-गुमटियों के पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। प्रतिदिन ठेले का कचरा डस्टबिन में रखकर सफाई मित्र को सौंपें। सड़क पर गंदगी ना फैलाई जाये। श्री मिश्रा ने फेरीवालों से ये भी कहा कि किसी भी हालत में सड़क पर अवैध कब्जा नहीं करें, न ही ठेले के आसपास असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने दें। निगम कमिश्नर ने वेंडरों से पीएम स्वनिधि योजना के तहत व्यक्तिगत एवं समूह ऋण लेने की जानकारी दी। आयुक्त ने शहरी आजीविका मिशन प्रभारी अधिकारी व मिशन मैनेजरों को निर्देशित किया कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत फेरी वालों को ऋण उपलब्ध कराने सहयोग करें। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने एनयूएलएम के प्रभारी अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही सहित मिशन के मैनेजरों की उपस्थिति में फेरी वालों को डिजिटल लेन देन को अधिक से अधिक बढ़ावा देने प्रोत्साहित किया।

# एमआईसी में गूंजा जलभराव का मुद्दा, तीन इलाकों में पानी निकासी की व्यवस्था लचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आवारा मवेशियों को रखने कम पड़ रहे गोठान, संख्या बढ़ाने राज्य शासन को जाएगा प्रस्ताव

शहर के रिहाइशी इलाकों में जलभराव की समस्या की गूंज सोमवार को गांधी सदन में आयोजित एमआईसी की बैठक में सुनाई दी। सदस्यों ने दानवीर भामाशाह वार्ड के मंगलबाजार, खालबाड़ा, संतराम दास वार्ड के कलिंग नगर सहित अन्य रिहाइशी क्षेत्रों में जल निकासी की लचर व्यवस्था पर नाराजगी जताई। जलभराव से लोगों के घरों में पानी भरने की समस्या को गंभीर बताते हुए बैठक में मौजूद सदस्यों ने इस पर तत्काल संज्ञान लेने की जरूरत बताई। चर्चा के बाद इन क्षेत्रों में जलभराव दूर करने कवर्ड नाली व पुलिया निर्माण कार्य के लिए 1 करोड़ 64 लाख के प्रस्ताव को महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में सर्व सम्मति से मंजूरी दी गई।

**ये रहे उपस्थित:** बैठक में निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, सतनाम पनाग, जितेंद्र अग्रवाल, सुंदर जोगी, समीर अख्तर, सुरेश चन्नावार, आकाश तिवारी, उपायुक्त कृष्णा खटिक, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा सहित सभी जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता मौजूद रहे।

## अमृत मिशन के तहत नल कनेक्शन को नियमित करने सहमति




### गोठान की संख्या कम, मवेशी रखने जगह नहीं

शहर में नगर निगम द्वारा दो पालियों में प्रमुख मार्गों, चौक-चौराहों और बाजार क्षेत्रों में सड़क यातायात बाधित कर रहे मवेशियों को रखने गोठान की संख्या कम है। वहीं बंद पड़े गोठान को दोबारा शुरू कराने की जरूरत है। एमआईसी की बैठक में इस मुद्दे पर सदस्यों ने खुलकर चर्चा की। इसके साथ ही हाल ही में धरसींवा क्षेत्र, नवा रायपुर की सड़क पर मवेशियों के दुर्घटना पर चिंता जताते हुए स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सतनाम पनाग, जितेंद्र अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने परिषद की ओर से इस संबंध में राज्य शासन को प्रस्ताव भेजने का सुझाव दिया। महापौर एजाज ढेबर ने इस पर सहमति व्यक्त करते हुए शहर में गोठान की संख्या बढ़ाने और बंद पड़े गोठानों को दोबारा शुरू कराने, कांजी हाउस, गोठान में मवेशियों के चारा के लिए मिलने वाली अनुदान की राशि बढ़ाने एक प्रस्ताव बनाकर राज्य शासन को भेजने का निर्णय लिया।

## किसानों की मांग- बांधों का अतिरिक्त पानी नहरों में छोड़ा जाए

# नौ जिलों में औसत से कम बारिश कई तहसीलों में सूखे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- किसानों की मांग- बांधों का अतिरिक्त पानी नहरों में छोड़ा जाए

आषाढ़ में अवर्षा की स्थिति के कारण पनपे अकाल की संभावना पर सावन में अभी तक हुई बारिश ने फिलहाल विराम लगा दिया है, पर इस बारिश के बाद भी प्रदेश की कई तहसीलों में स्थिति बेहतर नहीं है। छत्तीसगढ़ में पिछले दिनों हुई बारिश के बावजूद 9 जिले ऐसे हैं, जहां कम बारिश हुई है। इन जिलों की कई तहसील ऐसी हैं, जहां पर 40 प्रतिशत से अधिक बारिश हुई है। राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नौ जिलों की लगभग 30 तहसीलों में कम बारिश के कारण यहां पर सूखे की आशंका जताई जा रही है। खरीफ फसलों की बोनी में भी यह तहसील पिछड़ गई हैं। इन जिलों में सरगुजा, सूरजपुर, जशपुर, महासमुंद, सारंगढ़-बिलाईगढ़र जांजगीर-चांपा, सक्ती, दुर्ग और बेमेतरा जिला शामिल है। यहां अब तक होने वाली बारिश के औसत से काफी पीछे है। राजस्व विभाग के अनुसार सरगुजा जिले में मात्र 66 प्रतिशत बारिश हुई है। यहां के 8 में से 6 तहसील ऐसे हैं जहां पर 42 ये 61 प्रतिशत तक बारिश हुई है। यहां के दरिमा तहसील में सबसे कम बारिश 307 मिमी दर्ज की गई है। जो औसत का 42 प्रतिशत हैं। इसके अलावा अंबिकापुर में 308 मिती, लखनपुर में 280 मिमी, उदयपुर तहसील में 285 मिमी, बतौली में 307 मिमी, और सीतापुर में 361 मिमी बारिश हुई है। वहीं जशपुर जिले में फरसाबहार, पत्थलगांव और जशपुर तहसील में कम बारिश हुई है। आने वाले दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो इन तहसीलों को सूखे की मार झेलनी पड़ सकती है। जिला प्रशासन इन तहसीलों के बारिश पर नजर रखे हुए हैं।



### बेमेतरा और दुर्ग में 9 तहसील प्रभावित

*बेमेतरा और दुर्ग जिले में 9 तहसील में कम बारिश होने की वजह से यहां पर फसल की बोनी पिछड़ गई है। दुर्ग जिले में धमधा, भिलाई-3, बोरी और दुर्ग तहसील में कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं बेमेतरा जिलें में 6 तहसील ऐसी है जहां पर अब तक की औसत बारिश कम हैं। इनमें थान खम्हरिया, नवागढ़र, बेमेतरा, बेरला, नांदघाट और पिथौरी तहसील शामिल है। महासुमंद जिले मे कोमाखान और सरायपाली में कम बारिश की स्थिति से किसान चिंतित हैं।*

### पानी की कमी वाले गांवों को मिलेगी सिंचाई सुविधा

किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से मांग की है कि बारिश की वजह से बांधों में जल भराव की स्थिति काफी बेहतर हुयी है और कई बांधों से जहां भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी-नालों में छोड़ा जा रहा है वहीं कई बांधों से छोड़े जाने के कगार पर है। इस अतिरिक्त पानी को नदी-नालों में न छोड़ व्यापक किसान हित में नहरों में छोड़ा जाए। उन्होंने कहा, बांधों के कमांड क्षेत्र में आने वाले सिंचाई पानी के कमी वाले ग्रामों को पानी मिल सकेगा। जरुरत होने पर अन्य माइनरों व वितरक शाखाओं के किसान भी इसका उपयोग करने के साथ-साथ तालाबों को भी भर सकेंगे।

# कांवर यात्रा के लिए रवाना हुए ग्राम बोड़रा के श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम बोड़रा के ग्रामीण सावन के इस पवित्र माह में कांवड़ यात्रा के लिए मंगलवार को रवाना हुए।

विधायक संगीता सिन्हा ने स्वयं ग्राम के शिव मंदिर पहुंचकर युवाओं का हौसला बढ़ाया व कावड़ को कंधे पर उठाकर बम भोले के जयकारे के साथ कांवड़ यात्रा को रवाना किया। इस मौके पर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष तोषण साहू भी उपस्थित थे। मंगलवार को बोड़रा से 40 कांवड़िये भगवा रंग के कपड़े पहने भगवान शंकर के जयकारे लगाते हुए कंधे पर कावड़ लेकर कांवड़ यात्र के लिए रवाना हुए। सावन माह के पवित्र महिने मे हर कोई भगवान भोलेनाथ को अपने अपने तरीके से प्रसन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। खासकर प्रत्येक सोमवार को मंदिरों में भगवान शिव की पूजा करने वालों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं, बच्चे, युवा, बुजुर्ग भगवान शिव को मनाने कांवड़ यात्रा पर निकलते हैं, जहां पवित्र नदी का पानी लेकर कांवड़िये भगवान शिव के मंदिरों में जाकर जल चढ़ाते हैं तथा पूजा-पाठ करते हैं।

### केदार कश्यप ने सुनीं समस्याएं और दिए निराकरण के निर्देश

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित सहयोग केंद्र में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री, मंत्री और भाजपा पदाधिकारी समस्याओं और आवेदनों का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। भाजपा के मंत्री लगातार सहयोग केंद्र में लगातार शामिल हो रहे हैं और समस्याओं एवं आवेदन का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। सोमवार को प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप जनसहयोग केंद्र पहुंचे। जनसमस्याओं को सुनकर उसके निराकरण के लिए विभागीय अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर उचित दिशा निर्देश दिए। श्री कश्यप ने बताया कि सहयोग केंद्र में विभागीय समस्यों के साथ अन्य विभाग से जुड़े मुद्दे भी आ रहे हैं। प्रमुख रूप से सहकारिता से जुड़े कांग्रेस शासन के अनियमितताओं पर सूक्ष्मता से जांच के आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना, सार्वजनिक मंच, मंदिर, सड़क निर्माण, सामाजिक हित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए हैं।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल मंगचुवा में हुई मेगा बैठक





**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मंगचूवा संकुल का मेगा बैठक सेजेस स्कूल मंगचूवा में 6 अगस्त दिन मंगलवार को रखी गई। बैठक में 351 पुरूष एवं 34 महिला सहित 385 पालक शामिल हुए। मेगा बैठक का उद्देश्य पालक व शिक्षक में आपसी संवाद कर बालक, बालिकाओं की गुणवत्ता मे वृद्धि करना है, मेगा बैठक 12 बिंदुओं पर किया गया। यह बैठक संकुल प्राचार्य आई. आर. बगमरिया की अध्यक्षता में हुई। सहयोगी शिक्षक के रूप में सी.ए.सी. मंगचुवा डी.जोशी, व्याख्याता मनीष शर्मा, व्याख्याता श्री कौशिक, व्याख्याता के. साहू, व्याख्याता, मीनाक्षी साहू, खुशबु रानी साहू, अभिराम घोष योगेश साहू, विकास यादव, चुरेंद्र सर, घृतलहरे, गणेश राम साहू, कुंजाम सर, भगत मैडम, लिपिका मैडम, नेमीचंद ठाकुर, स्वाति श्रीवास्तव, प्रगति मैडम, करसलिया मैडम, लोकेश गंजीर एवं संकुल के सभी शिक्षक शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी का कोड नंबर पृथक से जारी करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- ओबीसी महासभा ने कांकेर सांसद को ज्ञापन सौंपकर की मांग

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ के सभी सांसदों के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष के नाम 2021 के लंबित राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी का कोड नंबर पृथक से निर्धारित किए जाने का मांग पत्र सौंपा जा रहा है। इसी क्रम में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग को उनके निवास पर ओबीसी महासभा के प्रतिनिधि मंडल द्वारा ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान ओबीसी के जनगणना के मुद्दे को लोकसभा सत्र के दौरान सदन में उठाने का आह्वान किया।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी राधेश्याम, प्रदेश कोषाध्यक्ष महावीर कलिहारी, बालोद जिला अध्यक्ष संतोष कौशिक, प्रदेश सह सचिव द्वय मनसुखदास साहू एवं पुनेश्वर देवांगन, जिला सचिव लेखराज साहिरो एवं लिपेश साहू शामिल हुए।

# सेजेस लाटाबोड़ में हुई पालक-शिक्षक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाटाबोड़



स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेजेस लाटाबोड़ में संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक हुई। संकुल प्राचार्य सीएल सिन्हा की अध्यक्षता में संकुल स्तर पर पालक शिक्षक मेगा बैठक आयोजित की गई। संकुल प्राचार्य सी.एल.सिन्हा ने बैठक के मुख्य उद्देश्य व एजेंडा तथा द्वितीय ,तृतीय बैठक की विस्तृत जानकारी दी।

शिक्षक मेगा बैठक के सफल संपादन को लेकर महत्वपूर्ण 12 बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई जिसके अंतर्गत मेरा कोना, छात्र दिनचर्या , बच्चे ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, बस्ता रहित शनिवार, विद्यार्थियों के आयु/कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति-आय निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं/छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा, विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालकों एवं छात्रों को अवगत कराना जैसे बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। वरिष्ठ व्याख्याता एन.डी बघेल द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य उद्देश्यों की जानकारी दी गई । द्वितीय सेशन में व्याख्याता संजय साहू द्वारा छात्रवृत्ति के अंतर्गत राज्य छात्रवृत्ति ,केंद्र प्रवर्तित छात्रवृत्ति ,राष्ट्रीय छात्रवृत्ति ,विज्ञान गणित प्रोत्साहन छात्रवृत्ति और मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के संदर्भ में बालकों को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरिश्चंद्र साहू ,गंगा प्रसाद साहू सरपंच लाटाबोड़ अध्यक्षता संकुल प्राचार्य , विशिष्ट अतिथि महेंद्र यादव उप सरपंच लाटाबोड़, धरमसिंह साहू लिखन साहू प्राथमिक -मिडिल एसएमसी अध्यक्ष व विशेष आमंत्रित सदस्य डोमरसिंह कुवँर डॉ. त्रिवेणी पाटिल. दुर्गा कौसार्य डी आर साहू, क्यामल साहू ,कश्चित साहू ,पालकगण, गणमान्य नागरिक व समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन संकुल समन्वयक एचसी ने किया।

## अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व संबंधित वित्तीय संस्थान में करना होगा जमा

# घोषणपत्र देकर पीएम फसल बीमा योजना से अलग हो सकते हैं ऋणी किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ फसलों की बीमा कराने की तिथि को बढ़ाते हुए 16 अगस्त कर दिया गया है। योजना ऋणी कृषकों के लिए विकल्प चयन आधार पर क्रियान्वित होगी, ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें स्व हस्ताक्षरित घोषणापत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिवस पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्था में जमा करना होगा। विकल्प चयन नहीं करने पर अनिवार्य रूप से बीमाकृत किया जाएगा। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के इच्छुक हों, वह बुआई प्रमाणपत्र क्षेत्रीय पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर योजना का लाभ ले सकते हैं।



भारत सरकार ने सभी अधिसूचित फसलों के लिए ऋणी एवं अऋणी किसानों के नामांकन के लिए कट ऑफ की तिथि को 16 अगस्त कर दिया है। कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित, धान असिंचित एवं अन्य फसल मक्का, मूंगफली,मूंग, उड़द, सोयाबीन, अरहर, कोदो, कुटकी, रागी का बीमा करा सकते हैं। किसानों के फसल को प्रतिकूल मौसम, सूखा, बाढ़, जलप्लावन, कीटव्याधि, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं, जो किसान अधिसूचित ग्राम व राजस्व निरीक्षक मंडल में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो।

### एक ही बीमा होगा मान्य

एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृत होने की स्थिति में किसानों को एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। इसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में जो रकबा पहले प्रविष्टि की गई हो को स्वीकार किया जाएगा तथा अन्य सभी बीमा को कंपनी द्वारा निरस्त किया कर प्रीमियम की राशि योजना प्रावधानानुसार अंतरित (राजसात) किया जाएगा।

### 300 से 1200 रुपए प्रीमियम

किसानों द्वारा प्रदाय किए जाने वाली प्रीमियम दर, खरीफ वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 2 प्रतिशत मुख्य फसल धान सिंचित 1200 रुपए, धान असिंचित 900 रूपए एवं अन्य फसल मक्का 900 रुपए, मूंगफली 840 रुपए, मूंग एवं उड़द 540 रुपए, सोयाबीन 960 रुपए, अरहर 760 रुपए, कोदो 320 रुपए, कुटकी 340 रुपए एवं रागी 300 रुपए किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है।

## सलीम राज बोले

# वक्फ संशोधन देश के मुसलमानों को न्याय देने वाला कानून

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी एवं भाजपा नेता डॉ. सलीम राज ने केन्द्र की एनडीए सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में किए गए संशोधन का स्वागत करते हुए कहा, यह कानून देश के गरीब मुसलमानों को न्याय देने वाला कानून है।

वक्फ एक्ट में संशोधन एवं सुधार समय के अनुसार होना चाहिए। वर्तमान में जो विसंगतियां है उसे दूर किए जाने के लिए यह कानून लाया जा रहा है। उन्होंने कहा, वक्फ बोर्ड गरीब मुसलमानों के उत्थान के लिए बनाया गया था। वक्फ संपत्ति को अल्लाह की संपत्ति माना जाता है। उसके विपरीत वक्फ एक्ट की शक्तियों का सिर्फ दुरुपयोग ही हो रहा है। देश के संघराज्य एवं राज्य वक्फ बोर्डों को प्राप्त असीमित अधिकार एवं शक्तियों के कारण यह मजहबी जमींदारी, भ्रष्टाचार एवं भूमाफियाओं को संरक्षण दे रहा है। वर्तमान वक्फ एक्ट पूरी तरह से निरंकुश है और इससे आम मुसलमानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है। संशोधित वक्फ कानून जमींदारी की दादागिरी तथा भूमाफिया एवं अतिक्रमणकारियों पर नकेल कसने वाला कानून है।

## खबर संक्षेप



### शिकसा के सदस्यों ने सावन में लगाई गीतों की झड़ी

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने कला, संस्कृति व अध्यात्म के संवर्धन व स्मरण करने सावन माह में कार्यक्रम आया सावन झूम के भाग 03 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस थे। कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में प्रेक्षा साहू, रेखा पात्रे, शिवकुमार अंगारे, श्रुति कोरी, मंजूलता मेरसा कृष्णा मानसी, दिनेश कुमार दुबे, अनिता श्रीवास, तारा बन्छोर, गीता उपाध्याय, सारिका गुप्ता, कविता श्रीवास, श्रीजल श्रीवास, शकुन्तला सहंश, अर्चना ढोबले, चन्द्र कुमार चन्द्रा, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा प्रधान पाठक, हेमराज निषाद, मोहित कुमार शर्मा, दिलीप श्रीवास, सुनीता चौधरी, हरमन कुमार बघेल, पुष्पांजलि ठाकुर, सविता जायसवाल आदि ने गीत प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रामकुमार पटेल व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने किया।

### प्राथमिक विद्यालय मड़ियापार के बच्चों को दिया गया बैग



**गुण्डरदेही।** मंगलवार को द्वितीया मास श्रावण शुक्ल पक्ष को प्राथमिक विद्यालय मड़ियापार के कक्षा पहली से कक्षा पांचवी तक के 33 बच्चों को आलोक शुक्ला मड़ियापार द्वारा बैग वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत लिमोरा, मड़ियापार के सरपंच सरोज साहू, कल्याण साहू, अश्विनी, केकती, आशीष शुक्ला व प्राथमिक विद्यालय मड़ियापार के शिक्षक उपस्थित थे।

### हरियाली का प्रतीक है हरेली त्योहारः चंद्राकर

**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने ग्रामीणवासियों के साथ हरेली पर्व धूमधाम से मनाया। जिसमें सभी ग्रामीणवासियों को विधायक चंद्राकर ने छतीसगढ़ के पहली हरेली त्योहार की बधाई देते हुए ग्रामीणवासियों संग पारम्परिक खेल, गेड़ी, फुगड़ी का आनंद लिया। इस अवसर पर उतई मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा व अंजोरा मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू, जिला मंत्री रोहित साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक चंद्राकर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

पेज 9 के शेष

### इस बार धान...

शुरू कर देते हैं। वर्तमान में लगभग 2 लाख रुपये से अधिक की राखी बना लिए हैं, जिनमें से 1 लाख 53 हजार रुपए की राखी बिक्री भी कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि बालोद जिले के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों से भी बड़े व्यापारी राखी खरीदने हमारे समूह तक आते हैं।

### किसान अब 16 ...

भुआर्य ने बताया कि सोसायटी के माध्यम से ऋण लेने वाले किसानों का सिंचित और असिंचित के आधार पर सोसायटी द्वारा फसल बीमा का कार्य प्रगति पर है।

**आयोजन**

**जिले में आयोजित मेगा पालक-शिक्षक बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा**

# सभी 173 संकुलों में पहुंचे पालक, बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर हुई चर्चा







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित कर उन्हें विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ–साथ समन्वय स्थापित करते हुए शिक्षा को परिणाम उन्मुखी बनाने के लिए मंगलवार को जिले के सभी 173 संकुलों में पालक–शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस संकुल स्तरीय मेगा पालक–शिक्षक बैठक में जिले के सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों के पालक, शिक्षक एवं जन प्रतिनिधियों के अलावा शिक्षा जगत से जुड़े लोग शामिल हुए। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक सहित जिला कार्यालय में पदस्थ संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा जिले के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने आयोजित संकुल स्तरीय मेगा पालक–शिक्षक बैठक में शामिल होकर बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित कराने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस दौरान जिले के सभी संकुलों के मॉनिटरिंग हेतु नियुक्त किए गए प्रभारी अधिकारियों ने संबंधित शालाओं की बुनियादी व्यवस्थाओं का आंकलन कर इसका रिपोर्ट जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को प्रेषित किया।

### भरदा लो में आयोजित बैठक में शामिल हुए कलेक्टर चंद्रवाल

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के भरदा लो, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक ने ग्राम भेड़िया नवागांव, संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर ने जुंगेरा एवं कोहंगाटोला, संयुक्त कलेक्टर दरबारी राम ठाकुर ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम करहीभदर एवं कन्नेवाड़ा, संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल ने बालक एवं कन्या शाला बालोद में आयोजित शिक्षक–पालक बैठक में शामिल होकर बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करने तथा शिक्षा को परिणाम उन्मुखी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव दिए। इसके अलावा जिले के सभी राजस्व अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी संकुल स्तरीय शिक्षक–पालक बैठक में शामिल होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने हेतु अपना महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

### पालकों ने भी दिए सुझाव

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, जन प्रतिनिधियों, विद्यार्थियों के माता–पिता एवं अभिभावकों ने भी विद्यालय के अध्ययन–अध्यापन की व्यवस्था एवं शिक्षा गुणवत्ता के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले के सभी संकुलों में आयोजित मेगा शिक्षक–पालक बैठक के सफल आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। सभी संकुलों में सुबह 10 बजे माँ सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया गया था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों, जन प्रतिनिधियों, प्रभारी अधिकारियों, शिक्षकों एवं पालकों ने शासन के इस अभिनव प्रयासों की सराहना की।

## संकुल केंद्र तवेरा में जुटे पालक-शिक्षक



**गुण्डरदेही।** पालक शिक्षक मेगा बैठक संकुल केंद्र तवेरा में आयोजित की गई। बैठक में संकुल केंद्र तवेरा के अंतर्गत प्राथमिक शाला तवेरा भेन्ड्रा, खपरी हीरू, खपरी बखरिया, मचौद, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तवेरा के शिक्षक एवं एसएमसी सदस्य तथा पालक उपस्थित हुए। पालक शिक्षक मेगा बैठक में 12 बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इनमें मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चे बोलेंगे बेझिझक, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा चर्चा, पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, विद्यार्थी की आयु, कक्षा अनुरूप स्वस्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति, निवासी आय प्रमाणपत्र की जानकारी, नेवता भोज, प्रतियोगी परीक्षा एवं छात्रवृत्ति, जादुई पिटारा, मोबाइल पर डाउनलोड करने डिजिटल प्लेटफोर्म की जानकारी पर चर्चा की गई। जिसमे ओम प्रकाश देवांगन, खुलेश यद्ु, छबि लाल साहू, रेणुका कोठले, हंसकुमार बघेल, इन्द्रजीत साहू, पिलेश्वर सिंह साहू, देवती बाई शर्मा, गेयेंद्र कुमार साहू, अशोक कुमार साहू प्राचार्य शामिल हुए, संकुल समन्वयक के द्वारा विभिन्न विषयो पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच दुलार सिंह नवरंगे, जनपद पंचायत के प्रभारी सीईओ महेंद्र कुमार, सोमनाथ साहू व बच्चों के पालक उपस्थित थे।

## पूर्व माध्यमिक शाला में बघमरा में हुई शिक्षक-पालक बैठक



**गुण्डरदेही।** शिक्षकों एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों में पढ़ाई में मदद हेतु समाधान कारक उपाय सुझाना, दीक्षा एप नई शिक्षा नीति 2020 तथा शासन के द्वारा बच्चों के लिए संचालित हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन के लिए राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराने के उद्देश्य से प्रदेश भर के सभी विकासखंडों में 6 अगस्त को संकुल स्तर पर शिक्षा पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। इसके तहत गुण्डरदेही के बघमरा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षा पालक मेगा बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रमोद जैन, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, संकुल प्राचार्य शैक्षिक समन्वयक डा चंद्राकर, महाविद्यालय से यादव, संचालक शुक्ला, प्रिंसिपल चौधरी एवं गुण्डरदेही संकुल के सभी स्कूलों के प्राचार्य शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित थे। बैठक में शिक्षकों द्वारा पालकों से 12 बिंदुओं पर चर्चा की गई व बैठक का उद्देश्य सभी पालकों में उनके बच्चों एवं शाला की संपूर्ण गतिविधि के संबंध में जागरूकता लाना है ताकि पालक एवं शिक्षक के सामूहिक प्रयास से बच्चों का बेहतर भविष्य की नींव गढ़ी जा सके।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षक के साथ पालक की भूमिका भी महत्वपूर्ण

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र व समाज की विकास की बुनियाद एवं मेरूदण्ड होता है। उन्होंने कहा कि बिना शैक्षणिक उन्नति के राष्ट्र के विकास की परिकल्पना करना सर्वथा असंभव है। चन्द्रवाल डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल भरदा लो में आयोजित संकुल स्तरीय शिक्षक–पालक मेगा बैठक में बोल रहे थे। चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा सुनिश्चित कराने के लिए शिक्षक और बच्चों के माता–पिता एवं उनके अभिभावक तथा समाज की भागीदारी को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु शिक्षकों के साथ–साथ पालकों की भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पालक–शिक्षक बैठक में शामिल होकर बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा को परिणाम उन्मुखी बनाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए।



### पालकों से चर्चा कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मांगे सुझाव

कलेक्टर चन्द्रवाल ने बैठक में पालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बैठक में उपस्थित पालकों से चर्चा कर बच्चों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करने के लिए आवश्यक सुझाव भी लिए। कलेक्टर ने पालकों से चर्चा कर बच्चों के शिक्षा–दीक्षा के संबंध में आने वाली कठिनाईयों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को विद्यार्थियों के जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आने वाले कठिनाईयों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर ने लगाया पौधा

इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत शाला परिसर में पौधारोपण कर संस्था के अधिकारी–कर्मचारियों को इसकी समुचित देखभाल करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने शिक्षक–पालक बैठक के उद्देश्य एवं एजेंडा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षकों के द्वारा पालकों के न्योता भोज का भी आयोजन किया गया।

## बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना आवश्यक





**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा ज में संकुल स्तरीय मेगा शिक्षक–पालक बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जगन्नाथपुर के सरपंच अरूण साहू थे, अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य तिलक ठाकुर ने की।

विशेष अतिथि जिला स्तरीय प्रभारी अधिकारी एवं जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, सरपंच वारुणी देशमुख, सेवानिवृत्त शिक्षक घासी राम दीपक, सीआर साहू, बीएस ठाकुर, मनोहर साहू, निर्मल ठाकुर, नोहरु चंद्राकर, व्याख्यता लोचन देशमुख एवं खिलेश गंगासागर सहित अन्य अतिथि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सरपंच अरूण साहू ने कहा कि इस शिक्षक–पालक बैठक के माध्यम से बच्चों के माता–पिता एवं अभिभावकों का विद्यालय के अध्ययन–अध्यापन एवं अन्य गतिविधियों से समुचित भागीदारी सुनिश्चित हो सकेगी। वहीं, प्रभारी अधिकारी चन्द्रेश ठाकुर ने कहा कि विकास का मार्ग शिक्षा से ही प्रारंभ होता है। इसलिए शिक्षण संस्थानों के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त एवं परिणाम उन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है। जिससे कि हमारे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं भावी भविष्य के निर्माण हेतु शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए सभी शिक्षकों से पूरे लगन, निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा।

### पालकों ने भी दिए सुझाव

कार्यक्रम को प्राचार्य तिलक राम ठाकुर, सांकरा ज के सरपंच वारूणी देशमुख, सेवानिवृत्त शिक्षक घासीराम दीपक एवं सीआर ठाकुर, नोहरू राम चन्द्राकर एवं अन्य अतिथियों ने एवं विशेषज्ञ शिक्षकों ने भी संबोधित किया। इस दौरान पालकों ने शिक्षा को परिणाम उन्मुखी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। बैठक में छगन पटेल, गिरीश हरमुख, हंसराज देशमुख, भोलाराम साहू, नीलमति मारकण्डे, एमएल गौतम, विवेक धूर्वे, कोमल देशमुख, जीआर देशमुख, ईश्वर लेडिया, संध्या देशमुख सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक–शिक्षिका तथा बच्चों के पालकगण उपस्थित थे।

## घनश्याम सिंह गुप्त महाविद्यालय बालोद में हुआ दीक्षारंभ समारोह

**बालोद।** घनश्याम सिंह गुप्त शासकीय महाविद्यालय बालोद में दीक्षारंभ समारोह कार्यक्रम में अतिथि के रूप में बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष राकेश यादव, भाजपा जिलामंत्री अमित चोपड़ा, महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य जे खालको, प्राध्यापक एचएल मानकर, वैद्य, विधि विभागाध्यक्ष पांडे सहित बड़ी संख्या में प्रथम वर्ष के विद्याथऍ शामिल हुए, जहां युवा साथियों को उज्ज्वल एवं स्वर्णिम भविष्य हेतु शुभकामनाएँ दी तथा साथ ही छात्रें को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से अवगत करा उनसे चर्चा की।






KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265

Recognized by Indian Nursing Council & C.G.Nurses Registration Council
NURSING EDUCATION



B.Sc. NURSING
4 Years Course
100% CAMPUS PLACEMENT
BHARAT INSTITUTE OF NURSING
Affiliated by Pt. D.D. U. M. Health Sciences & Ayush University, Raipur
Vill. Danitola, Post: Bhaisbod, Tehsil: Dondi, Distt Balod (C.G.)
www.bharatnursing.com, bharatdalli@rastoginursing.com
✆ 08349196676, 9300752200

BHILAI INSTITUTE OF TECHNOLOGY, DURG
(Seth Balkrishan Memorial) BHILAI HOUSE, DURG – 491 001 (CG)
Phone: (0788) 2359297, 2359163; Mobile: 9171962222
E-mail: bit@bitdurg.ac.in
ASPIRE TO EXCEL ESTD. 1986
No. BIT/2024/SC/01 Date : 30.07.2024
ADMISSION NOTIFICATION: 2024-25

| P.G. COURSES - 2 YRS. (SPONSORED CATEGORY) | U.G. COURSES FOR WORKING PROFESSIONALS |
|---|---|
| M. Tech.<br>• Structural Engineering<br>• Electrical Power & Energy System<br>• Data Sciences<br>• Electrical Vehicle & Technology<br>• Environmental Science & Engg. | B. Tech.<br>• Civil Engg. • Mechanicle Engg.<br>• Computer Sc. & Engg. (CSE)<br>1st Time in Chhattisgarh for Working Professionals. Eligibility criteria will be announced shortly. Contact: 9171962222 |

Eligibility : As per DTE norms; Experience : Minimum 2 Years working experience after graduation; Application form and details can be downloaded from Institute's website (www.bitdurg.ac.in). Last date for registration is 24.08.2024.
PRINCIPAL
Deepak Ad.

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
JOIN THE WORLD CLASS CAMPUS FOR PROFESSIONAL STUDIES
बी एस सी नर्सिंग [60 Seats]
डिप्लोमा इन फार्मेसी [60 Seats]
महाविद्यालय परिसर : ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, जामगांव रोड तह. पाटन, जिला. -दुर्ग
9131880895, 8319870997
6, इंस्टीट्यूशनल एरिया, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर
83700 77700, 7024125200

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

## खबर संक्षेप

### वसुंधरा सम्मान समारोह चौदह को कलामंदिर में

**भिलाई।** वसुंधरा संस्था और श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन द्वारा वसुंधरा सम्मान समारोह का आयोजन 14 अगस्त को कलामंदिर सिविक सेंटर में किया गया है। पत्रकार लेखक डां. विश्वेश्वर ठाकुर को वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डां. रमन सिंह होंगे। सांसद विजय बघेल अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ठ अतिथि बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार प्रकाश दुबे और हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डां. हिमांशु द्विवेदी राजनीतिक पत्रकारिता के माएने विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता होंगे।

### जगन्नाथ मंदिर से निकली कांवर यात्रा

**भिलाई।** तीसरे सावन सोमवार पर रेसने नगर आईएचडीपी कालोनी जगन्नाथ मंदिर से 36 भक्तों की पदयात्रा कांवर में जल लेकर शिवनाथ नदी पहुंची। बोलबम का नारा लगाते भक्तों ने मंदिर में जगन्नाथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। पदयात्रा में मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रभात बंटी, भरत, नमन, महेंद्र, रंजीत, रानी, लल्लू आदि शामिल हुए। समिति के निर्मल शर्मा ने पूजार्चना की।

### वाहन की ठोकर से एक मवेशी की मौत, दो घायल

**पाटन।** पाटन नगर पंचायत के रोड में मवेशी बेखौफ बैठे रहते हैं जिससे रोजना दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं पाटन नगर पंचायत के सीएमओ सौरभ वाजपेयी को हो रही दुर्घटनाओं की कोई चिंता ही नही है। पाटन के मुख्य मार्ग दुर्ग रोड में कल बीती रात को एक चार पहिया वाहन स्कार्पियों की चपेट में आए बेजुबान मवेशी की मौ हो गई वहीं दो मवेशी घायल हो गए। पाटन नगर पंचायत विभिन्न हृदय स्थल कहाँ जाने वाले चौक में मावेशी का जमावड़ा लगा रहता है हरिभूमि प्रतिदिन खबर ऐसे समस्या को प्रकाशित किये जाने के बाद भी पाटन नगर पंचायत के सीएमओ ने कोई कार्यवाही नही किया है।

### युवक पर प्राणघातक हमला थाने पहुंचे कार्यकर्ता

**भिलाई।** सड़क से वाहन हटाने को लेकर हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 109, 115(2)-, 190,191(2) 191(3), 296 , 351(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई हुई है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि आर्य नगर दुर्ग के पास रविवार को विश्व हिंदु परिषद के कार्यकर्ता अंजय ताम्रकर और उसके अन्य दोस्त के साथ वाहन हटाने को लेकर जमकर विवाद हुआ। आरोपियों में विक्की मुनेश्वर, लक्की सरदार और अन्य 10-15 युवकों ने लात, मुक्का और पत्थर से अंजय ताम्रकार पर हमला कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है। अंजय ने आर्यनगर स्थित गायत्री अस्पताल की ओर भागकर अपनी जान बचाई। अंजय के पीछे-पीछे आसामाजिक तत्व भी अस्पताल पहुंचे थे। असामाजिक तत्वों ने गायत्री अस्पताल में भी जमकर तोड़फोड़ किया है। पुलिस के मौके पर पहुंचते ही। सभी आसामाजिक तत्व फरार हो गए। बताया गया है कि मारपीट के दौरान आसामाजिक तत्व नशे में धुत थे।

**आयोजन : स्व. डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में हुआ दीक्षारंभ कार्यक्रम**

# विद्यार्थियों को दी गई नई शिक्षा नीति की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

स्व डारन बाई तारम शासकीय महाविद्यालय गुरुर में सत्र 2024–25 के नवप्रवेशी छात्र छात्रओं के लिए दीक्षारंभ एवं इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संजारी बालोद संगीता सिन्हा उपस्थित थीं। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो.के एल रावटे ने की। विशेष अथिति के ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुरुर तोमेश्वर साहू, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुरुर जितेन्द्र यादव थे।

कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं राज्यगीत के साथ प्रारंभ हुआ। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्राचार्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति सेमेस्टर पद्धति से चलने वाली तीन एवं चार वर्षीय पाठ्यक्रम है जो मूल्यपरक, कौशल क्षमता का विकास करने वाली और रोजगारोन्मुख है। साथ ही यह देश और छत्तीसगढ़ के शिक्षा प्रणाली को नया आयाम देने वाली है। मुख्य अतिथि ने कहा कि हमारी नई शिक्षा छात्र छात्राओं बहुत ही उपयोगी साबित होने वाली है, जिसमे छात्र छात्राएं अपने संकाय के अलावा अन्य संकाय का भी विषय चयन कर सकता है साथ ही वैल्यू एडेड कोर्स कर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकता है। इस नीति के तहत छात्र छात्राएं कौशल और रोजगार से युक्त शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। सभी छात्र छात्राएं मन लगाकर पढ़े और निरंतर आगे बढ़ते रहें। इस अवसर पर अथितियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। आभार प्रदर्शन प्रो एल हिरवानी द्वारा किया गया। प्रो एल हिरवानी, डॉ योगेंद्र धुर्वे एवम प्रो देवेंद्र रात्रे द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत छात्र छात्राओं को महाविद्यालय के उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी एवं संपूर्ण पाठ्यक्रम, मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम, कौशल संवर्धन पाठ्यक्रम, अध्ययन अध्यापन पद्धति, परीक्षा पद्धति,एवम क्रेडिट प्रणाली की जानकारी प्रदान की।



**किया गया पौधारोपण**

इस अवसर पर मां के नाम एक पेड़ अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में परिसर में अथितियों द्वारा पौध रोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. योगेंद्र धुर्वे ने किया। कार्यक्रम में एनईपी प्रभारी प्रो रोहित सोरी, दीपेश बरसेल, तोमेश्वर साहू, स्नेयल जोशी, हितेश राठौर, मोहन साहू, सुमन साहू, हरिशंकर दीवान, अजय सरोज, प्रेमचंद साहू, कमला कुरेटी सीमा साहू, दीपिका पांडे एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## नव प्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

■ स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय महाविद्यालय में हुआ निकुम में दीक्षारंभ समारोह

**अंडा।** स्वर्गीय पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महाविद्यालय निकुम में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन महाविद्यालय के एनईपी प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इस दौरान प्रकोष्ठ प्रभारी पूजा सोढ़ा ने बताया कि किस प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित है। छात्रों को कौशलपरक एवं अनुभवात्मक शिक्षा देने के लिए बनाई गई नीति है, सेमेस्टर प्रणाली और सतत आंतरिक मूल्यांकन से उनकी महाविद्यालय में उपस्थित बढ़ेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रुपेश देशमुख ,जनपद पंचायत सदस्य दुर्ग ने छात्रों से आह्वान किया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा लागू राष्ट्र शिक्षा नीति 2020 छात्रों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि मुक्ति सुधाकर ,सरपंच ग्राम पंचायत निकुम ने नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डीके बैलंद्र ने की। मंच संचालन अन्नपूर्णा यादव सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जयसवाल ने छात्रों को विभाग की गतिविधियों एवं क्रियान्वयन से अवगत कराया।

इसी कड़ी में कला संकाय से अंजू रानी ठाकुर ने नव प्रवेश छात्र-छात्राओं को विभिन्न कोर्स से एवं रेडक्रॉस रेड रीबन क्लब की गतिविधियों से अवगत कराया। डॉ. ओंकार प्रसाद चंद्रा ने छात्रों को करियर प्लेसमेंट एवं विज्ञान क्लब की गतिविधियों से अवगत कराया। वेद प्रकाश ठाकुर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं क्रीड़ा प्रभारी ने युवाओं को उत्साहित रहते हुए स्वयंसेवक के दायित्व से परिचय कराया। डॉ. शिप्पी देवांगन ने महिला प्रकोष्ठ के द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियों तथा शिकायत एवं निवारण की प्रक्रिया से छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कामता प्रसाद बंजारे अतिथि व्याख्याता (गणित) ने दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीवंतिका ठाकुर अतिथि व्याख्याता हिंदी , अमित सिह ,येवेंद्र साहू, राजेश्वरी एवंएन एस एस के स्वयंसेवकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## डौंडी कन्या शाला में हुई पालक-शिक्षक बैठक

■ प्राचार्य की उपस्थिति में हुई कार्यक्रमों की दी गई जानकारी

**डौंडी।** संकुल स्तरीय मेगा पीटीएम का आयोजन संकुल केंद्र कन्या शाला डौंडी में किया गया । कार्यक्रम में संकुल से संबंधित चार प्राथमिक चार माध्यमिक एक हायर सेकेंडरी स्कूल के सभी पालक एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य बी.एस.वद्दन ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डौंडी भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष झा क साथ ही विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत के अध्यक्ष सोमेश सोरी वार्ड पार्षद ममता जैन तथा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जे.एस.भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूर्व से निर्धारित पालक शिक्षक मेगा बैठक के 12 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में पालकों को जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि मनीष झा ने अपने वक्त० मे प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक अच्छे नागरिक का निर्माण करना है। इससे एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण हो सके साथ ही समस्त पालक एवं के शिक्षकों की उपस्थिति में उल्लास शपथ दिया गया एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया इस अवसर मे संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता एम.एल साहू, के.आर. हिरवानी , शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एन. मिश्रा, शहनाज अली, अनीशा जॉन ,लिट्टी फ्रांसिस, अनुराधा सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र कन्या डौंडी डी. मलिक ने किया।



## ग्राम पंचायत बघमरा में लगाए गए 70 पौधे



**बालोद।** दीप उम्मीद पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन बालोद के तहत 1000 पेड़ लगाने का पौधारोपण कार्यक्रम चल रहा है। पर्यावरण संरक्षण के तहत ग्राम पंचायत बघमरा में 70 पौधे लगाए गए।

जिसमें पपीता, सिंदूरी, कचनार, करण, शीशम इत्यादि पेड़ लगाए गए, जिसमें मुख्यतः ग्रामीण एवं पंचायत के पदाधिकारी, सरपंच गजेंद्र ठाकुर, उपसरपंच भारत निषाद, सचिव नरेंद्र भारद्वाज, सदस्य सीता साहू, कौशल पटेल, उमाकांत पटेल, देवकी विश्वकर्मा, प्रेमा हेमजानी साहू, गोमती साहू, वीना साहू, कामता प्रसाद साहू, गणपत देवांगन, यशवंत साहू, चंद्रहास यादव, शिव साहू, जयराम साहू, पूरन साहू, उत्तम महिलांग, ओमप्रकाश साहू, स्कूल प्राचार्य एसके. बेक, आर. के.भंडारी एवं छात्र, छात्रएं एवं दीप उम्मीद पब्लिक वेल्फेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष नवदीप कुमार साहू, स्वालेहा, लोचन प्रसाद, सिद्धि सारथी, मोनेश साहू, निलेश कुमार उपस्थित थे।

## सशिमं खर्रा में धूमधाम से मनाई गई हरेली



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यायल खर्रा में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली पर्व हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ आचार्य सुखितराम कलिहारी, कामता प्रसाद साहू, दीदी रंजना सिन्हा, टुमेश्वरी पटेल, चितेश्वरी साहू, बीना साहू, लिलेश्वरी साहू, छबीलता पटेल एवं बाल भारती के पदाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी, कृषि औजार एवं ज्यामिति आकृतियां का विधिवत पूजन किया गया। तुमेश्वरी पटेल दीदी जी ने हरेली पर्व के धार्मिक, आध्यात्मिक एवं प्रकृति से संबंधित जानकारी दिया।

प्रधानाचार्य फल देव साहू ने बताया कि इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा एक पेड़ मां की अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधा लगाया गया। कार्यक्रम का संचालन सुखित कलिहारी द्वारा किया गया।

## कानाकोट में युवाओं ने किया पौधारोपण



**अंडा।** ग्राम कानाकोट में हरेली त्यौहार के अवसर पर युवाओं ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर शेष नारायण गोवस्वामी ने कहा कि पेड़ लगाने से वर्षा होती है। पेड़ पौधे लगाने से गर्मी में छाया होती है फल फूल मिलते है। हर इंसान को कम से कम एक पौधा अपने जीवन में जरूर लगाना चाहिए। संकल्प लें कि एक एक पौधा हम सभी आने वाले दिनों में लगाएंगे। इसके साथ ही अपने रिश्तेदारों को भी पेड़ लगाने व उसकी रक्षा करने के लिए प्रेरित करेंगे। अवसर पर शेष णारायण गोस्वामी, नितेश, ललिता, चंचल, आंचल और पूर्विका इस अभियान में शामिल हुये।

## शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय कॉलेज जामगांव आर में मना दीक्षारंभ समारोह

**जामगांव आर।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ एवं नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुगम क्रियान्वयन के लिए समारोह आयोजित हुआ।

समारोह में महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष नरेश केला एवं निवर्तमान अध्यक्ष रूपेंद्र शुक्ला, जामगांव आर सरपंच राजकुमार ठाकुर एवं भरर की सरपंच गरिमा भारदीय मंचासीन रहे, भाजपा नेता अंगेश्वर साहू की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के साथ उनके पसलको की उपस्थिति सराहनीय रही। शासन के निर्देशानुसार ही विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति एंबेसडर भी बनाया गया और नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में इन एंबेसेडर की भूमिका भी उन्हें समझाई गई. सभी मुख्य अतिथियों ने नई शिक्षा नीति से देश के विकास के मार्ग के प्रशस्त होने की बात रखी। महाविद्यालय की प्राचार्य नीता कुंभारे ने नवीन शिक्षा नीति के सभी बिंदुओं पर विस्तार से पूर्वक प्रकाश डाले। महाविद्यालय के सभी



विभागों के प्राध्यापकों ने अपने–अपने विभागों की जानकारी और अनुभवों को साझा किया, इसके साथ ही विद्यार्थियों को नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सेमेस्टर सिस्टम, सिलेबस, परीक्षा पद्धति, मूल्यांकन पद्धति और आगे आने वाले सेमेस्टर में लागू होने वाले नियमों को नोडल अधिकारी डॉ अरुणेंद्र तिवारी द्वारा साझा किया गया। द्वितीय सत्र में विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाओं से संबंधित प्रश्न पूछकर शांत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य नीता कुम्हारे ने विद्यार्थियों से नई शिक्षा नीति पर क्विज के द्वारा प्रश्न पूछ कर कार्यक्रम को दिलचस्प बना दिया। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के बीकॉम प्रथम वर्ष कि छात्रंओं द्वारा मनमोहक छत्तीसगढ़ी नृत्य भी प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने नवीन शिक्षा नीति पर पोस्टर एवं रंगोली बनाकर विद्यार्थियों को जानकारी दी। इसके साथ ही पौधारोपण भी कराया गया। छात्र संघ प्रभारी डॉ रजनीश तिवारी ने विद्यार्थियों को भविष्य में ऑलराउंडर बनने के लिए इस शिक्षा नीति के महत्व को समझाया। क्रीडा विभाग के प्रमुख डॉ नरेश धर दीवान द्वारा भी विद्यार्थियों को स्वच्छ और स्वस्थ जीवन शैली के गुण बताए गए। इसके साथ ही इतिहास विभाग अध्यक्ष डॉ रोशन आरा ने भी सफल होने के लिए स्किल डेवलपमेंट पर जोर दिया।

### सामाजिक भागीदारी के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में कार्यालयीन विभाग से पूरणमल शर्मा, गिरीश देशपांडे, भू आर्य सहित सभी ने अपना सक्रिय योगदान दिया, नवीन विद्यार्थियों को आने वाले सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य बनने के लिए रासेयो प्रभारी चेतना सोनी द्वारा इसकी जानकारी दी गई और समाज में अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया, रेड क्रॉस प्रभारी डॉ संतोष पांडे ने भी विद्यार्थियों को अपने विभाग की जानकारी और सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया, कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुणेंद्र तिवारी ने किया।

### विभाग प्रमुखों ने दी जानकारी

द्वितीय सत्र में पुस्तकालय, गणित, रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना, हिंदी, प्राणी शास्त्र, भूगोल, इतिहास, अंग्रेजी, राजनीति शास्त्र, भौतिक शास्त्र के सभी विभागों के प्रमुख प्राध्यापको ने अपने–अपने विषय और नए वैकल्पिक विषयों की जानकारी साझा की, संपूर्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भविष्य में अच्छे नागरिक होने के साथ सफलतापूर्वक इस नीति से होने वाले लाभों के लिए अपने संकल्प को प्रदर्शित किया।

### पुरी गए परिवार के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** पुरी घूमने गए परिवार के सूने मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात नगदी रकम पार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि संतोषी पारा कैंप-2 निवासी संजय गुप्ता के सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात नगदी रकम चोरी कर फरार हो गए। मकान में ताला जड़कर गुप्ता परिवार 2 अगस्त को पुरी घूमने निकले। 3 अगस्त की सुबह पुरी पहुंचने पर पड़ोस की महिला ने फोन कर चोरी की सूचना परिजनों को दिया। परिजन सोमवार को पुरी से लौटे और चोरी के सामानों का आंकलन करने में जुटी रही।

**तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय**

तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732

वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना

पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट

बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

**प्रवचन श्रृंखला में संत ऋषभ सागरजी महाराज ने बताया वाणी का महत्व**

# बातचीत करते समय ऐसे शब्दों का प्रयोग करें, जिससे किसी की भावना आहत न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जो भी हमें दुर्लभ मिला है उसके सदुपयोग के लिए हम क्या पुरुषार्थ करते हैं, अन्य जीवों से मनुष्य श्रेष्ठ है फिर भी वो इतना अशांत क्यों, हमारे आचार, विचार या व्यवहार में कोई विकृति तो नहीं, ये चिंतनीय विषय है।

महावीर भवन में चल रहे प्रवचन श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए संत ऋषभ सागरजी महाराज साहब ने कहा कि हमारी वाणी, आचार विचार का प्रभाव हमारे आस पास के वातावरण पर पड़ता है। नकारात्मक शब्दों और विचारों का प्रभाव विकार पैदा करते है। जहर की एक बूंद दूध में गिर जाए तो पीने योग्य नहीं होता, वैसे ही शब्द रूपी जहर की बूंद बूंद परिवार और समाज में विकृति पैदा कर रही है। परिवार और समाज का



विकास करना है तो पतन के कारणों को रोकना होगा। किसी के जीवन को उठाने का काम न कर सकें तो कम से कम गिराने का भाव न रखें। कोशिश करें शब्दों का प्रयोग ऐसा हो जो किसी की भावना को आहत ना करे। परिवार में बच्चों के बीच तुलना ना करें इससे बच्चों में नकारात्मक भाव आते हैं तथा नकारात्मक भाव स्थाई रूप से मन में गांठ के रूप में रह जाते हैं।

### जोड़ने में सहायक हों, तोड़ने में नहीं

नकारात्मक भाव से भरा व्यक्ति दूसरों की परेशानी देखकर प्रसन्नता महसूस करता है। भले ही वह दिखावे के लिए सहानुभूति व्यक्त करता है। नकारात्मक विचारों से भरा व्यक्ति परिवार या दोस्तों के बीच भी प्रिय नहीं होता। शब्द ऐसे बोलें जो जोड़ने में सहायक हों न कि तोड़ने में। प्रयास करें अपने अंदर के ऐसे गुणों को बढ़ाएं जिससे व्यक्तित्व निखरे।

